डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: **COE / 457 / 2024** दिनांक: **17 / 10 / 2024**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषय:— विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मा0 राज्यपाल / कुलाधिपति जी, उ0प्र0 एवं उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के निर्देशों के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2024—25 से 'समर्थ' ई0आर0पी0 के कियान्वयन के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय का समस्त डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड किये जाने की प्रकिया गतिमान है। उक्त क्रम में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं का डाटा समर्थ पोर्टल पर अपलोड किया जा चुका है तथा नवम्बर / दिसम्बर, 2024 में होने वाली आगामी परीक्षाओं के परीक्षा आवेदन—पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से ही पूरित कराये जाने है।

उपर्युक्त विषयक सभी छात्र / छात्राओं को निम्नलिखित लिंक के द्वारा अपने रोल न0 व ई0मेल0 के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके सम्बन्ध में कई बार आपको अवगत कराया जा चुका है, परन्तु खेद का विषय है कि अभी तक अधिकांश छात्र / छात्राओं ने समर्थ पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन नही किया है। जिसके फलस्वरूप मा0 महामहिम राज्यपाल / कुलाधिपति जी द्वारा ऑनलाइन बैठक के समय कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है।

https://dbrau.samarth.edu.in

STEP-1

STEP-2

STEP-3

उप—सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 2327 / सत्तर—3—2024—08(21) / 2023 दिनंक 19 सितम्बर, 2024 अनुपालन में आपसे पुनः अनुरोध है कि आपके महाविद्यालय में अध्ययनरत् सभी छात्र / छात्राओं को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उपरोक्त लिंक (स्टेप के अनुसार) के माध्यम से समर्थ पोर्टल पर दिनांक 28.10.2024 तक आवश्यक रूप से अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। यह कार्य अंतिम तिथि तक न होने पर सम्बन्धित महाविद्यालय किसी भी कार्यवाही के लिए स्वंय जिम्मेदार होगें।

उक्त कार्य से सम्बन्धित कोई भी समस्या अवलोकित होने पर समर्थ टीम के सदस्य डॉ0 अमित सिंघल (मो0 9897282052) एवं इंजी0 हरवीर सिंह (मो0 9528891461) से सम्पर्क स्थापित कर समस्या का समाधान कराया जा सकता है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :—

1. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी।।
2. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. समर्थ टीम के सदस्यगण।
5. एजेन्सी 2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक